# रामेश्वर प्रसाद कॉलेज


पचनेही बाँदा, उत्तर प्रदेश-210001

rameshwarpdlawcollege@gmail.com


## प्रवेश विवरणिका/पाठ्यक्रम

संचालित पाठ्यक्रम-बी.ए., बी.एससी., बी.एड्.
बी.टी.सी., बी.ए., एलएल. बी. (ऑनर्स)
एलएल. बी. (त्रि-वर्षीय)

सत्र - 20.......... 20 ..........



सम्बद्ध-बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी (उ.प्र.)

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (उ.प्र.) लखनऊ

Scanned with OKEN Scanner



# डॉ. प्रभाकर अवस्थी

सचिव/प्रबन्धक
रामेश्वर प्रसाद कॉलेज पचनेही (बाँदा) उ.प्र.
मो० 09415172572

Scanned with OKEN Scanner

# रामेश्वर प्रसाद कॉलेज

## पचनेही (बाँदा) उत्तर प्रदेश

रामेश्वर प्रसाद कॉलेज पचनेही (बाँदा) उ.प्र. की स्थापना हमारे परमपूज्य पिताजी श्री बिन्दा प्रसाद अवस्थी (सेवानिवृत्त प्रवक्ता) की प्रेरणा से हुई है यह बुन्देलखण्ड की भूमि पर लोक सेवा संस्थान बाँदा द्वारा संचालित है। यह कॉलेज बुन्देलखण्ड वि.वि. झाँसी से सम्बद्ध है यहाँ पर विधि/ बी.टी.सी. के अध्ययन और अध्यापन की आधुनिक, तकनीक, वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण की सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। महाविद्यालय का उद्देश्य विधि में पारंगत विधि व्यवसायी, न्यायाधीश, विधि अधिकारी, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी एवं मल्टीनेशनल कम्पनी एवं कार्पोरेट सेक्टर, बीमा, बैंकिंग, रेलवे, जनपदों व कार्यालयों में विधि सलाहकार के रूप में छात्रों को तैयारकर सामाजिक उत्थान व जन-कल्याण के क्षेत्र में जाने के लिए छात्रों को प्रेरित करना तथा बी.टी.सी. का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित कर उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले शिक्षकों का निर्माण करना है। जिससे उन्हें रोजगार भी मिल सके तथा भविष्य में वे छात्रों को उच्चगुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके राष्ट्र का निर्माण करें।

इस महाविद्यालय द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं अध्ययन के लिये पुस्तकालय एवं लायब्रेरी के माध्यम से S.C. एवं H.C. के समस्त निर्णयों (सिविल, क्रिमिनल एवं राजस्व) को संकलित किया गया है साथ ही विधि एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रकाशित होने वाली विभिन्न पत्र-पत्रिकाएँ, पुस्तकें, जर्नल्स एवं अधिनियम आदि उपलब्ध है। साथ ही व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिये महाविद्यालय में मूटकोर्ट का नियमित आयोजन करायें जाने की व्यवस्था है।

वर्तमान समय में विधि विषय, व्यवसाय व रोजगार के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र बिन्दु बनकर उभरा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र भारत का आर्थिक रूप से पिछड़ा किंतु सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है। यहाँ से अध्ययन करके छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपना, अपने परिवार व क्षेत्र तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करें, इसी प्रेरणा व विश्वास से हम दृढ़ संकल्पित हैं।

महाविद्यालय में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों जैसे बी.ए. बी.एस.सी., बी.एड एवं एलएल.बी. पंचवर्षीय (बी.ए.एलएल.बी.) एवं इण्टरमीडियट में विज्ञान वर्ग एवं वाणिज्य वर्ग की कक्षाएँ सत्र 2016 से चल रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि शैक्षिक एवं रचनात्मक वातावरण के सृजन में आप सभी का हार्दिक सहयोग लक्ष्य की ओर अग्रसर होने में प्रभावी सिद्ध होगा।

इसी संकल्पना एवं शुभाकांक्षा के साथ....

**प्रभाकर अवस्थी**
प्रबन्धक/सचिव
श्री रामेश्वर प्रसाद कॉलेज
पचनेही (बाँदा) उ.प्र.
मो.- 09415172572



# प्रार्थना

वह शक्ति हमें दो दयानिधे, कर्तव्य मार्ग पर डट जायें।
पर सेवा पर उपकार में हम निज जीवन सफल बना जायें।
हम दीन दुःखी निबलो विकलों के सेवक बन संताप हरें,
जो हैं अटके भूले-भटके, उनको तारे खुद तर जायें।
वह शक्ति.........................................................
छल, द्वेष, दम्भ पाखण्ड, झूठ अन्याय से निश दिन दूर रहें।
जीवन हो शुद्ध सरल अपना, शुचि, प्रेम सुधा रस बरसावें।
वह शक्ति.........................................................
निज आन मान मर्यादा का प्रभु ध्यान रहे अभिमान रहे,
जिस देश जाति में जन्म लिया, बलिदान उसी पर हो जायें।
वह शक्ति .......

# राष्ट्रीयगान

जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता
पंजाब, सिंध, गुजरात, मराठा, द्राविड़, उत्कल बंग।
विंध्य, हिमाचल, यमुना, गंगा, उच्छल जलधि तरंग।
तव शुभ नामे जागे, तब शुभ आशीष मांगे।
गाहे तब जय गाथा। जन गण मंगलदायक जय हे।
भारत भाग्य विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय हे।।

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयज शीतलाम्
शस्य श्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्।
शुभ्र ज्योत्स्नां पुलकितयामिनीम्
फुल्ल कुसुमित-द्रुम-दल शोभिनीम्।
सुहासिनी, सुमधुर भाषिणीम्।
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्।।
कोटि-कोटि कण्ठ कल कल-कल निनाद कराले
कोटि-कोटि भुजैधृत खर करवाले
अबला केनो मां ऐतो बले।
बहुबल धारिणी नमामि तारिणीम्
रिपुदल वारिणी मातरम्
वन्दे मातरम्।।
तुमि विधा तुमि धर्म,
तुमि हदि तुमि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे
बहु ते तुमि माँ शक्ति
हृदये तुमि भक्ति
तोमारई प्रतिमा गठि, मन्दिरे-मन्दिरे
वन्दे मातरम्।।
त्वं हि दुर्गा दश प्रहरण धारिणीं
कमल कमल दल विरारणि
वाणी विद्या दायिनी नमामि त्वां
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलां
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्।।
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषितां
धरणी भरणीं मातरम्
वन्दे मातरम्

# Rameshwer Prasad Coolege,Pachnchi- Banda

**Organised by**

# LOK SEWA SANSTHAN




Scanned with OKEN Scanner

# लोक सेवा संस्थान, बाँदा




Scanned with OKEN Scanner

# शिक्षक-शिक्षा संकाय (बी.एड.)

महाविद्यालय में शिक्षक शिक्षा विभाग संचालित है। इस विभाग में बी.एड. के लिये शिक्षण एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

## बी.एड. प्रवेश नियम

बी.एड. पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर आयोजित बी.एड. प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों की मैरिट सूची के आधार पर प्रवेश होता है। प्रवेश परीक्षा के लिये आवेदन पत्र सामान्यतः मार्च/अप्रैल में सीधे ऑनलाइन भरे जाते हैं। प्रवेश परीक्षा का अयोजन राज्य सरकार द्वारा नामित विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारति तिथि में सामान्यतः अप्रैल/मई में किया जाता है।

महाविद्यालय में बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए 50 सीटें निर्धारित हैं।

नोट- बी.एड. पाठ्यक्रम 210 कार्य दिवसों में 80 प्रतिशत उपस्थिति एवं 40 पाठ्य योजना (लेसन प्लान) नियमानुसार पढ़ाना आवश्यक है अन्यथा परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा।

## बी.टी.सी.

महाविद्यालय में बी.टी.सी. की कक्षाएँ संचालित हैं। बी.टी.सी. का उद्देश्य छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षित कर उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले शिक्षकों का निर्माण करना है जिससे उन्हें रोजगार भी मिल सके तथा भविष्य में वे छात्रों को उच्चगुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करके राष्ट्र का निर्माण कर सकें। बी.टी.सी. में प्रवेश ऑनलाइन आवेदन करने पर मैरिट के आधार पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से प्रत्येक वर्ष किये जाते हैं। उच्च अंकों से स्नातक उत्तीर्ण छात्र/छात्रा आवेदन के पात्र हैं।

## विज्ञान संकाय

आज के जीवन का आधार विज्ञान है। वैज्ञानिक सोच के बिना विकास एवं प्रगति कोरी कल्पना मात्र है। वैज्ञानिक सोच को समृद्ध एवं विकसित करने के उद्देश्य के साथ महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2016/17 से विज्ञान संकाय अपने उद्देश्य की पूर्ति की ओर अग्रसर है। वर्तमान में विद्यालय में विज्ञान संकाय में गणित एवं जीव विज्ञान में बी.एस.सी. पाठ्यक्रम उपलब्ध है। विज्ञान संकाय में प्रत्येक प्रयोगात्मक विषय हेतु आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं की व्यवस्था है।

**उपलब्ध विषय**

बी.एस.सी. (गणित),- गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान (सीटें-60)

बी.एस.सी. (जीव विज्ञान), जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान (सीटें-60)

Scanned with OKEN Scanner

## कला संकाय

कला की महत्ता विज्ञान से कम नहीं है। कला एवं सौंदर्य बोध के अभाव में हमारी सोच वैज्ञानिक हो ही नहीं सकती है। यह हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। समाज, राजनीति, अर्थ व्यवस्था इत्यादि का अध्ययन वास्तव में हमें सम्पूर्णता प्रदान करता है। इतिहास के अभाव में हम अस्तित्वहीन हो जायेंगे और साहित्य के बिना हमारा जीवन कुरूपता से भर जायेगा। कला वर्ग की शिक्षा को उद्देश्यपूर्ण एवं सार्थक बनाने के संकल्प के साथ महाविद्यालय में कला संकाय में उपलब्ध समस्त विषय हेतु अर्ह एवं निपुण प्राध्यापक उपलब्ध हैं। जिनकी सरल शिक्षा पद्धति एवं उचित मार्ग दर्शन में छात्र/छात्राओं के अध्ययन की समुचित व्यवस्था है। गृह विज्ञान हेतु सम्पूर्ण आवश्यक सामग्री एवं उपकरणों के साथ व्यवस्थित प्रयोगशाला उपलब्ध है।

**उपलब्ध विषय-** हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, समाज शास्त्र, राजनीति शास्त्र, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान

सीटें-420

## एल.एल.बी. त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम

महाविद्यालय में एलएल.बी. त्रिवर्षीय एवं एल.एल.बी. पंचवर्षीय (बी.ए. एलएल.बी.) की कक्षाएँ संचालित हैं। विधि का ज्ञान प्राप्त कर छात्र/छात्राएँ विधि में पारंगत विधि व्यवसायी, न्यायाध ीश, विधि अधिकारी सहायक लोक अभियोजना अधिकारी एवं मल्टीनेशनल कम्पनी एवं कार्पोरेट सेक्टर, बीमा, बैंकिंग, रेलवे जनपदों एवं कार्यालयों में विधि सलाहकार बनकर अपनी सेवाएँ राष्ट्र के विकास एवं उत्थान में दे सकते हैं। एलएल.बी. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में 45% अंकों से स्नातक उत्तीर्ण छात्र/छात्राएँ सीधे प्रवेश ले सकते हैं तथा अनुसूचित जाति के 40% अंकों से उत्तीर्ण छात्र/छात्राएँ प्रवेश ले सकते हैं। बी.ए. एलएल.बी. में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र/छात्राएँ जिनकी आयु 20 वर्ष से अधिक न हो सीधे प्रवेश ले सकते हैं।

एलएल.बी. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में उपलब्ध सीटें-120

बी.ए. एलएल.बी. पाठ्यक्रम में उपलब्ध सीटें-120

## महत्वपूर्ण निर्देश

- अपने पते एवं फोन में परिवर्तन की सूचना कार्यालय को अवश्य दें।
- प्रतिदिन सूचनापट अवश्य देखें।
- अपनी साइकिलों एवं मोटरसाइकिलों को साइकिल स्टैण्ड में ही रखें।
- अपना परिचय पत्र सदैव साथ रखें, इसे कभी भी देखा जा सकता है।
- महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतः प्रतिबन्धित है।

- महाविद्यालय में पान-मसाला, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू आदि का सेवन वर्जित है।
- वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु महाविद्यालय में 75 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य है अन्यथा उपस्थिति कम होने की स्थिति में महाविद्यालय द्वारा अर्थ दण्ड के साथ-साथ छात्र को अन्य निर्णय भी मान्य होगा।
- अनुशासनहीन एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्र/छात्राएँ दण्ड के भागीदार होंगे, सतर्क रहें।
- सूचनाएँ एकत्र करना छात्र/छात्राओं का दायित्व है, ''सूचना नहीं मिली'', ''पता नहीं था'' जैसे तर्कों को महाविद्यालय प्रशासन कोई मान्यता प्रदान नहीं करेगा।
- सभी छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त कार्यों हेतु स्वयं उपस्थित होंगे।
- छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय परिसर और फर्नीचर का ध्यान रखेंगे। महाविद्यालय की सम्पत्ति को क्षति पहुँचाने पर सम्बन्धित छात्र/छात्रा को क्षतिपूर्ति देनी होगी।
- महाविद्यालय प्रशासन की अनुमति के बिना बाह्य व्यक्तियों को महाविद्यालय परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
- महाविद्यालय के सामान्य कार्यों में हस्तक्षेप या अनुशासन भंग करने की अनुमति किसी भी छात्र/छात्रा को नहीं है।
- उपर्युक्त नियमों की अवहेलना करने पर छात्र/छात्रा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसमें जुर्माना, महाविद्यालय प्रवेश पर कुछ दिनों की रोक या महाविद्यालय से निष्कासन सम्मिलित है। महाविद्यालय प्रशासन बिना कोई कारण बताये ऐसा करने के लिये स्वतंत्र है।
- किसी भी नियम परिनियम एवं प्रावधान आदि की व्याख्या के सम्बन्ध में उ.प्र. शासन एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी की परिनियमावली एवं समय-समय पर जारी शासनादेश एवं अध्यादेश सर्वोपरि होंगे।

## ड्रेस कोड (कॉलेज यूनीफॉर्म)

महाविद्यालय में समानता एवं समरसता स्थापित करने के लिये एवं अमीर-गरीब तथा ऊँच-नीच की भावना को समाप्त करने के लिये एक ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। महाविद्यालय में प्रत्येक छात्र/छात्रा को निर्धारित ड्रेस में आना अनिवार्य होगा। नियम का उल्लंघन करने पर अर्थात् ड्रेस में न आने पर छात्र/छात्रा को उस दिन महाविद्यालय में प्रवेश से वंचित कर दिया जायेगा। महाविद्यालय परिसर में या क्लासरूम में बिना ड्रेस कोड पकड़े जाने पर 50/- अर्थदण्ड देय होगा। कला संकाय, विज्ञान संकाय, बी.टी.सी., बी.एड. तथा विधि के हेतु निम्न प्रकार की ड्रेस का निर्धारण किया गया है।

| | |
|---|---|
| कला संकाय हेतु- | छात्रों के लिये- नैबी ब्लू पैण्ट तथा सफेद शर्ट<br>छात्राओं के लिये- नैबी ब्लू कुर्ता तथा सफेद सलवार |
| विज्ञान संकाय हेतु- | छात्रों के लिये- स्लेटी पैण्ट तथा सफेद शर्ट<br>छात्राओं के लिये- स्लेटी कुर्ता तथा सफेद सलवार |
| एलएल.बी.ए. एलएल.बी. | छात्रों के लिये-काला पैण्ट, सफेद शर्ट<br>छात्राओं के लिये- गुलाबी साड़ी या गुलाबी सूट |

## आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश

**अर्हताएँ :-**

- बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा कला, वाणिज्य विज्ञान, कृषि या व्यावसायिक वर्ग से उत्तीर्ण की हो।
- बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (जीव विज्ञान) हेतु किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
- बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (गणित) हेतु किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
- बी.ए. द्वितीय वर्ष हेतु बी.ए. प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
- बी.ए. तृतीय वर्ष हेतु बी.ए. द्वितीय वर्ष परीक्षा उत्तीण की हो।
- बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष हेतु बी.एस.सी. प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
- बी.एस.सी. तृतीय वर्ष हेतु बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

## ध्यान देने योग्य बिन्दु

पवेश आवेदन पत्र में आपूर्तियाँ भरने एवं प्रस्तुत करने से पूर्व निम्नांकित बिन्दुओं पर अवश्य ध्यान दें।

1. आवेदन पत्र स्वयं भरें व निर्धारित स्थान पर अपने तथा अपने पिता/संरक्षक/अभिभावक के हस्ताक्षर अवश्य करें तथा करायें।
2. चार पासपोर्ट साइज की नवीनतम फोटो यथास्थान अच्छी प्रकार से चिपकायें।
3. प्रवेश आवेदन के साथ स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी.सी.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (सी.सी.) की मूल प्रति ही संलग्न करें। अन्य बोर्ड या विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रवजन प्रमाण पत्र जमा करना होगा।
4. प्रवेश के समय समस्त संलग्न एवं वांछित अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ प्रवेश

समिति के समक्ष आवेदनकर्ता का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।

5. ऐसा कोई भी प्रवेश जो प्रवेश समिति/प्रचार्य के द्वारा अभ्यर्थी द्वारा असत्य एवं अपूर्ण सूचना देने के कारण कर लिया गया है, संज्ञान में आने पर उसे अविलम्ब निरस्त कर दिया जायेगा।

6. समय अन्तराल हेतु उचित साक्ष्य व राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र।

7. अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति के सम्बन्ध में मजिस्ट्रेट द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

8. विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त रजिस्ट्रेशन फार्म की डाउनलोड प्रति

**संलग्नक :-**

हाईस्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति

इण्टरमीडिएट अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति

जाति प्रमाण पत्र (अनु.जाति/अनु. जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) (छायाप्रति)

यदि अभ्यर्थी ने वर्तमान सत्र के पूर्व किसी सत्र में अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण की है तो अन्तराल की अवधि का नोटरी का शपथ-पत्र (मूलप्रति)

स्थानान्तरण एवं चरित्र प्रमाण-पत्र (मूलप्रति)

पासपोर्ट साइज के चार नवीनतम फोटोग्राफ

नोट :- प्रवेश के उपरान्त बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी की मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क सहित छात्र/छात्रा द्वारा ही भरा जायेगा। अन्यथा की स्थिति में पूर्ण जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की होगी।

## प्रतिबन्धित प्रवेश

1. जो विद्यार्थी महाविद्यालय में आठ वर्ष अध्ययन कर चुके हैं, वे किसी कक्षा में (बी.एड. को छोड़कर) प्रवेश पाने के अधिकारी नहीं होंगे।
2. किसी कक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर अथवा प्रवेश लेकर परीक्षा न देने वाले अभ्यर्थी को संस्थागत रूप से प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
3. विश्वविद्यालय परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग करते पकड़े गये छात्र/छात्राओं को किसी भी कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा और न ही उनका व्यक्तिगत परीक्षा आवेदन अग्रसारित किया जायेगा।
4. किसी भी छात्र/छात्रा को जिसे महाविद्यालय से निष्कासित किया गया हो या ब्लैक लिस्टेड किया गया हो उसे महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
5. अपराधिक छवि वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश किसी भी दशा में नहीं दिया जायेगा।

## मैरिट सूची का प्रकाशन

मैरिट गणना आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि समाप्त होने के बाद मैरिट (प्रतीक्षा सूची सहित) सूचना पट पर लगा दी जायेगी। मैरिट सूची में नाम आने पर प्रवेश आवेदन पत्र भरा

Scanned with OKEN Scanner

जायेगा तथा मैरिट सूची में क्रमानुसार अभ्यर्थी सभी मूल प्रमाण-पत्रों सहित प्रवेश समिति के समक्ष प्रस्तुत होगा। किसी मध्यस्थ द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रवेश नहीं होगा।

तद्नुसार प्रवेशार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रवेश समिति से प्रवेश शुल्क आदि जमा करने का निर्देश प्राप्त करेंगे।

**नोट :-** यदि चयनित अभ्यर्थी प्रवेश समिति द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रवेश नहीं लेते तो उसी समय उसकी सीट अगले क्रम के अभ्यर्थी को दी जायेगी। किसी भी स्थिति में तिथि अथवा समय को बढ़ाया नहीं जायेगा (प्राकृतिक) आपदा जैसे बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित हो जाने पर तिथि व समय बढ़ाने पर प्राचार्य विचार कर निर्णय लेंगे।

## स्थानान्तरण के आधार पर प्रवेश हेतु नियम

1. स्थानान्तरण (Transfer Case) के आधार पर प्रवेश हेतु इच्छुक वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जिनके माता/पिता अथवा जिन पर वे आश्रित हों, अन्य जनपद से स्थानान्तरित होकर बाँदा जनपद आकर कार्यभार ग्रहण कर लिया हो। यह सुविधा 15 सितम्बर तक ही दी जा सकेगी। शेष प्रवेश के नियम वही होंगे, जो अन्य छात्र/छात्राओं के लिये।
2. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालय में प्रवेशित छात्रों के अन्तर महाविद्यालयीय स्थानान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी अभिभावक का स्थानान्तरण एक जिले से दूसरे जिले में होता है तो ऐसे मामलों में छात्र द्वारा स्थानान्तरण सम्बन्धी दिये गये प्रत्यावेदन पर कुलसचिव/कुलपति जी द्वारा निर्णय दिया जायेगा। महाविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में अपने स्तर से सीधे कार्यवाही नहीं की जायेगी। इस स्थिति के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थिति में स्थानान्तरण अथवा परीक्षा केंद्र का परिवर्जन मान्य नहीं होगा। अतएव उक्त व्यवस्था के अन्तर्गत सम्बन्धित छात्र/छात्राएँ विश्वविद्यालय से अनिवार्य रूप से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही प्रवेश के लिये आवेदन करें।

## प्रसार व्याख्यान माला

छात्र/छात्राओं के बहुमुखी विकास हेतु प्रसार व्याख्यान माला के अन्तर्गत विभिन्न विषयों के मर्मज्ञ विद्वानों, बुद्धिजीवियों के साथ महाविद्यालय में विचार गोष्ठियों, सेमिनार, सिम्पोजियम का आयोजन होता है। गाँधी जयंती, रविदास जयंती, शिक्षक दिवस, झण्डा दिवस, कौमी एकता सप्ताह, युवा सप्ताह, वन्यप्राणी सप्ताह आदि निष्ठापूर्वक मनाये जाते हैं। साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक दृष्टियों से विभिन्न अवसरों पर लेखन, वाचन, भाव, अभिनय एवं नाना प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। जिसमें निबन्ध, भाषा विचार, गोष्ठी, सुलेख, चार्ट, बंधेज, अल्पना, मेंहदी, वृक्षारोपण, नारे, पुष्पसज्जा, नाटक, एकांकी, नृत्य आदि मुख्य हैं।

Scanned with OKEN Scanner

## पुस्तकालय एवं वाचनालय

1. पुस्तकालय से प्रत्येक छात्र/छात्रा को दो पुस्तकालय पत्रक प्रदान किये जाते हैं। जिस पर वह दो पुस्तकें 15 दिन के लिये निर्गत करवा सकते हैं। पुस्तकों को निर्धारित तिथि तक न लौटाने पर 1 रु प्रति पुस्तक प्रतिदिन विलम्ब दण्ड देना होगा। तीन बार विलम्ब दण्ड देने पर पुस्तकालय सदस्यता समाप्त हो जायेगी। छात्र-छात्राओं को प्रदान किये गये पुस्तकालय पत्रकों पर निर्गत पुस्तकों के लिये वही छात्र-छात्रायें उत्तरदायी होंगे, जिसे वह पत्रक निर्गत किया गया है।
2. पुस्तकों का सुरक्षित उपयोग छात्र-छात्राओं का नैतिक कर्तव्य है। पुस्तकें कटी-फटी, गंदी, निशान लगी पाये जाने पर पुस्तक का वर्तमान मूल्य रजिस्टर्ड डाक व्यय सहित छात्र-छात्राओं से लिया जायेगा।
3. महाविद्यालय में एक पृथक वाचनालय कक्ष की व्यवस्था है। जिसमें छात्र-छात्राएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं का अध्ययन कर सकते हैं। छात्र-छात्राओं में अध्ययन की अभिरुचि को जागृत करने एवं उनके ज्ञान संवर्धन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं पुस्तक प्रदर्शन आदि का आयोजन किया जाता है। वाचनालय सुविधा प्रत्येक कार्य दिवस में 10 बजे से कार्यालय समय तक उपलब्ध रहेगी।
4. एक अन्य व्यवस्था में छात्र-छात्राएँ अपना परिचय पत्र जमा करके किसी भी संख्या में पुस्तकें इस प्रतिबन्ध पर निर्गत करवा सकते हैं कि पुस्तकों का अध्ययन कक्ष में ही करेंगे तथा पुस्तकें उसी दिन वापस करके ही महाविद्यालय छोड़ेंगे।

## परिचय पत्र

परिचय पत्र छात्र-छात्रा के लिये बहुत आवश्यक है। इसे सदैव अपने साथ रखें। इसके खो जाने पर रुपये 50 अतिरिक्त शुल्क जमा करके द्वितीय परिचय पत्र प्राप्त किया जा सकता है। पुस्तकालय से पुस्तकें प्राप्त करने, छात्रसंघ चुनाव, परीक्षा तथा अन्य अनेक अवसरों पर इसकी आवश्यकता होती है। परिचय-पत्र आपके महाविद्यालय में पंजीकृत होने का साक्ष्य है। जिसे किसी भी समय आपसे दिखाने के लिए कहा जा सकता है।

## वार्षिक पत्रिका

वर्ष में एक बार महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका समयचक्र का प्रकाशन किया जायेगा। इस पत्रिका में छात्र-छात्राओं की मौलिक रचनाएँ प्रकाशित की जायेंगी। इच्छुक छात्र-छात्राएँ समय पर अपनी रचनाओं को प्रकाशन हेतु सम्पादक या सम्पादक मण्डल के किसी सदस्य को सौंप सकते हैं।

## विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक

Scanned with OKEN Scanner

कार्यक्रमों, गोष्ठियों, कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं, कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन महाविद्यालय प्रशासन की देख-रेख में किया जाता है। इन कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु इच्छुक छात्र-छात्रा कार्यक्रम प्रभारी से मिलकर अपना नामांकन अवश्य करा दें।

## महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्येत्तर सुविधाएँ

### क्रीड़ा एवं शारीरिक शिक्षा

1. विशाल खेल का मैदान
2. सभी प्रकार के इन्डोर खेलों-बैडमिन्टन, टेबिल टेनिस, कैरम, शतरंज इत्यादि की सुविधा एवं सभी आउटडोर खेलों में बॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केट बॉल, खो-खो, कबड्डी, हॉकी, क्रिकेट इत्यादि की व्यवस्था।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की दो इकाई कार्यरत है। तथा एक इकाई का प्रस्ताव विचाराधीन है। इस योजना का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में समाज सेवा की भावना का विकास, नेतृत्व की क्षमता, आत्मविश्वास उत्पन्न करना एवं ग्रामीण परिवेश से परिचित कराना है। इस योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष निकटवर्ती ग्रामीण अंचलों में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है तथा 120 घंटों का सामान्य कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाता है।

एन.एस.एस. के दो विशेष शिविर तथा 240 घंटे के सामान्य कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। यह प्रमाण-पत्र अर्जित कर लेने विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्तियों में तथा बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु वरीयता अंक प्रदान किये जाते हैं।

## छात्रवृत्ति

अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग एवं निर्धन, सामान्य एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को जिनके अभिभावक की वार्षिक आय सभी स्रोतों से अधिकतम 100000 (एक लाख रुपये) है, को तहसीलदार द्वारा प्रमाणित आय-प्रमाण पत्र के आधार पर शासन द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इसके लिये सम्बन्धित वर्ग के छात्र-छात्राओं को निर्धारित वेबसाइट में आवेदन करने के पश्चात प्राप्त डाउनलोड हार्ड कॉपी दो प्रतियों में समस्त संलग्नकों सहित जमा करना होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी की स्वीकृतोपरान्त छात्रवृत्ति राशि का वितरण इलाहाबाद, यू.पी. ग्रामीण बैंक शाखा पचनेही (बाँदा) में विद्यार्थी द्वारा खोले गये खातों में स्थानान्तरित करके जायेगी। इसके लिये छात्र की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

Scanned with OKEN Scanner

## रेड रिबन क्लब

एड्स जैसी भयानक तथा जानलेवा बीमारी के विषय में छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिये तथा एड्स से बचाने के लिये महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की स्थापना की गयी है। जिसमें समय-समय पर एड्स के विषय में जागरूक कराने के लिये छात्र-छात्राओं को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जानकारी प्रदान की जाती है। इन कार्यक्रमों में रक्तदान, पेंटिंग, रंगोली, कार्टून, वाद-विवाद एवं निबंध आदि प्रतियोगिताएँ सम्मिलित हैं।

## ज्यूडीशियल क्लब

छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों से परिचित कराने के लिये तथा किसी भी प्रकार के शोषण से बचाने के लिये विशेष रूप से महिलाओं को, इसके लिये महाविद्यालय में ज्यूडीशियल क्लब की स्थापना की गयी है। इसमें छात्र-छात्राओं के पास पड़ोस में होने वाले अन्याय तथा अत्याचार से सम्बन्धित प्रकरण भी शामिल है। ऐसे मामलों को छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के एन.एस.एस. प्रभारी के संज्ञान में लाने जाने पर सीधे जिला जज के स्तर से कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है।

## छात्र संघ गठन

यह महाविद्यालय उ.प्र. शासन द्वारा निर्धारित स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित है। जिसमें शासन द्वारा किसी भी तरह का कोई अनुदान या सहायता निधि प्राप्त नहीं है और न ही छात्र संघ का कोई कोष है। उ.प्र. शासन द्वारा जारी शासनादेश एवं लिंग दोह कमेटी के अनुसार छात्र संघ का गठन किया जायेगा।

## हरीतिमा अभिवर्द्धन समिति

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में महाविद्यालय में ग्रीन हर्बल हेल्थ सेन्टर योजना लागू की गयी है। जिसका उद्देश्य वर्तमान समय की ज्वलंत समस्याएँ- छात्र-छात्राओं द्वारा आत्महत्याएँ किये जाने, तनावग्रस्त रहने, प्रदूषित पर्यावरण, गिरता स्वास्थ्य इत्यादि को ध्यान में रखते हुए उक्त योजना का सृजन किया गया है। जिसके अन्तर्गत अनिवार्य रूप से मनोचिकित्सा द्वारा निदान, ध्यान-योगाभ्यास, व्यक्तिगत विकास, पर्यावरण शिक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, सौंदर्य चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा इत्यादि समस्त सुविधाएँ समान रूप से महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से लागू की गयी है। इसके लिये महाविद्यालय में 10 सदस्यीय छात्र-छात्राओं की टीम का गठन किया गया है। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना को इस समिति का प्रमुख बनाया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

# Schedule-A

## Sex Semester LL.B Three Year Degree

### LL.B. First Semester

विधिशास्त्र
1. Jurisprudence
संविदा विधि
2. Law of Contract
विशेष संविदा
3. Special Contract
हिंदू विधि
4. Family Law- I (Hindu Law)
मुस्लिम विधि
5. Family Saw-II (Muslim Saw)

### LL.B. Second Semester

मोटर यान दुर्घटना एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम
6. Law of Tort including M.V. Accident and Consumer Protection Act I-106
अपकृतविधि
7. Law of Crimes Paper-I : Indian Penal Code
भारतीय दण्ड संहिता
8. Law of Crimes Paper-II : Criminal Procedure Code
दण्ड प्रक्रिया संहिता
9. Constitutional Law-I
सम्पत्ति विधि
10. Property Law

### LL.B Third Semester

सवैधानिक विधि
11. Constitutional Law II

Scanned with OKEN Scanner

कम्पनी विधि

12. Company Law

कर विधि के सिद्धांत

13. Principal of Taxation Law

श्रमिक विधि प्रथम

14. Labour Law-I

प्रशासनिक विधि

15. Administrative Law

## LL.B. Fourth Semester

व्यवहार प्रक्रिया संहिता एवं मियाद अधिनियम

16. Civil Procedure Code and Limitation Act

साक्ष्य विधि

17. Law of Evidence

पर्यावरण विधि

18. Environmental Law

सार्वजनिक अनतर्राष्ट्रीय विधि

19. Public International Law

श्रमिक विधि-II

20. Labour Law-II

## LL.B. Fifth Semester

कानूनों का निर्वाचन

21. Interpretation of Statutes

अपराध शास्त्र एवं दण्ड संहिता

22. Criminology and Penology

भूमि विधियाँ

23. Land Laws including Tenure and Tanancy System

विधिक लेखन, अभिवचन एवं हस्तान्तरण क्लीनिकल पेपर

24. Drafting, Pleading and Conveyance (Clinical Paper-I)

व्यवसायिक नीति एवं व्यवसायिक लेखा कार्य (क्लीनिकल प्रश्न पत्र)

25. Professional Ethics and Professional Accounting System (Clinical Paper-II)

Scanned with OKEN Scanner

## LL.B. Six Semester

महिलाएँ एवं अपराधिक विधि

26. Women and Criminal Law

बौद्धिक सम्पत्ति विधि

27. Intellectual Property Law

मानवाधिकार विधि एवं सूचना का अधिकार

28. Human Rights law and Practice including right to information

वैकल्पिक विवाद निवारण (क्लीनिकल पेपर)

29. Alternate Dispute Resolution (Clinical Paper-III)

मूटकोर्ट अभ्यास एवं इन्अर्नशिप क्लीनिकल पेपर

30. Moot Court exercise and Internship (Clinical Paper-IV)

विधि एवं सामान्य अंग्रेजी

31. Legal and General English

## SCHEDULE-A

## B.A. LL.B. SEMESTER

**Semester wise arrangement of papers is as follows:**

### SEMESTER

BL- 101- General English-1

BL-102- Polotical Seience- II (Major/Minor)

BL- 103- History-1 (major/Minor)

BL- 104- Socilogy-1 (Major/Minor)

BL- 105- Constitutional Law-I

### II SEMESTER

BL- 201- General English-II

BL- 202- Polotical Seience-II (Major/Minor)

BL- 203- Histoy-II (Major/Minor)

BL- 205- Constitutional Law-II

Scanned with OKEN Scanner

## III SEMESTER

BL- 301- Law of Torts including M.V. Accident and Consumer Protection Laws
BL- 302-Polotical Science-III (Major/Minor)
BL- 303- History-III (Major/Minor)
BL- 304- Sociology-III (Major/Minor)
BL- 305- Environmental Law

## IV SEMESTER

BL- 401- Major-IV (Options-X- Polotical Science IV/Y-History IV/ Z-Sociology-IV)
BL- 402- Company. Law
BL- 403- Law of Crime I (I.P.C.)
BL- 405- Law of Contract
BL- 405- Special Contract

## V SEMESTER

BL- 501- Major-V (Options-Z-Political Seience-V/Y-History V/Z- Sociology-V)
BL- 502- Labour Law-I
BL- 503- Family Law -I
BL- 504- Women and Criminal Law

## IV SEMESTER

BL- 601- Major VI (Options-X-Political Science-VI/Y-History VI/Z- Sociology-VI)
BL- 602- Labour Law-II
BL- 603- Family Law-II (Mullim Law)
BL- 604- Principales of Tazation Law

## VII SEMESTER

BL- 701- Jurisprudence
BL- 702- Public International Law
BL- 703- Interpretation of statutes
BL- 704- Alternate Dispute Resolution (clinical paper III)

Scanned with OKEN Scanner

## VIII SEMESTER

BL- 801- Law of Evidence

BL- 802- Administrative Law

BL- 803- Human Rights Law and Practice including RTI

BL- 804- Professional Ethics and Professional Accounting system (clinical paper II)

## IX SEMESTER

BL- 901-Civil Procedure code and limitation Act

BL- 902- Ctiminologs and Penology

BL- 903- Land Law Including Tenure and Tenancy System

BL- 904- Drafting Pleading and Conveyance (Clinical Paper I)

## X SEMESTER

BL- 1001- Intellectual Property Law

BL-1002- Property Law

BL- 1003- Law of Crime II : Criminal Procedure Code

BL- 1004- Moot Court exercise and Internship (clinical paper IV)

BL- 1005- Legal and Genral English

Scanned with OKEN Scanner

**B.Ed. First Year :-**

## Part I : - Theory and Practicum

| Course | | Name of the Course | Maximum Marks | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | External | Internal | Total |
| Compulsory | I | Philosophical & Sociological Perspectives in Education | 80 | 20 | 100 |
| | II | Psychological Perspectives in Education | 80 | 20 | 100 |
| | III | Physical Education, Health & Yoga | 80 | 20 | 100 |
| Elective (Any one) | IV | (i) Contemporary Issues of Education | 80 | 20 | 100 |
| | | (ii) Curriculum Development | 80 | 20 | 100 |
| | | (iii) Educational Measurement & Evaluation | 80 | 20 | 100 |
| Pedagogy | V | Pedagogy of School Subjects I | 80 | 20 | 100 |
| | VI | Pedagogy of School Subjects II | 80 | 20 | 100 |
| | | **Total** | 480 | 120 | 600 |

Scanned with OKEN Scanner

**B.Ed. Second Year :-**

## Part I : - Theory and Practicum

| Course | | Name of the Course | Maximum Marks | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | External | Internal | Total |
| Compulsory | IV | Historical Perspective of Education Indian | 80 | 20 | 100 |
| | IVI | Information & Communication Technology in Education | 80 | 20 | 100 |
| | IX | Inclusive Education | 80 | 20 | 100 |
| Elective (Any one) | X | (i) Value Education | 80 | 20 | 100 |
| | | (ii) Educational Administration & Management | 80 | 20 | 100 |
| | | (iii) Educational Guidance & Counselling | 80 | 20 | 100 |
| | | **Total** | 320 | 80 | 400 |

Scanned with OKEN Scanner










Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner